राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार, पटना

वार्षिक परीक्षा- 2026

प्रश्न-पत्र

कक्षा- VIII **विषय- विज्ञान**

समय-2 घंटे **पूर्णांक- 50**

निर्देश

- इस प्रश्न-पत्र में कुल 5 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है।
- प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके लिए निर्धारित अंक एवं निर्देश अंकित हैं।

1. कोष्ठक में दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(चिकनेपन, परितारिका, संकटापन्न, सिंचाई, परिष्करण) **5x2= 10**

(क) .... नेत्र में प्रवेश करने वाली प्रकाश की मात्रा को नियंत्रित करती है।

(ख) घर्षण पृष्ठों के .... पर निर्भर करता है।

(ग) रेड डाटा बुक में .... स्पीशीज़ का रिकार्ड रहता है।

(घ) उचित समय एवं अंतराल पर फसल को जल देना .... कहलाता है।

(ङ) पेट्रोलियम के विभिन्न संघटकों को पृथक करने का प्रक्रम .... कहलाता है।

2. दिए गए कथन में सही के लिए (√) तथा गलत के लिए (×) का चिह्न लगाइए। **5x2= 10**

(क) यदि कंपन का आयाम अधिक है तो ध्वनि मंद होती है। ☐

(ख) मेंढक में बाह्य निषेचन होता है। ☐

(ग) ज्वलनशील पदार्थों का ज्वलनताप बहुत अधिक होता है। ☐

(घ) प्रकाश के अपने घटक रंगों में विभक्त होने को विक्षेपण कहते हैं। ☐

(ङ) तड़ित चालक किसी भवन की तड़ित से सुरक्षा नहीं कर सकता है। ☐

3. स्तंभ 'अ' का उपयुक्त मिलान स्तंभ 'ब' से कीजिए। 5x2= 10

स्तंभ 'अ'	स्तंभ 'ब'
(क) जीवाणु	(i) नाइट्रोजन स्थिरीकरण
(ख) राइज़ोबियम	(ii) दही का जमना
(ग) लैक्टोबेसिलस	(iii) ब्रेड की बेकिंग
(घ) यीस्ट	(iv) हैजा का कारक
(ङ) एक विषाणु	(v) AIDS का कारक

4. लघु उत्तरीय प्रश्न (लगभग 50 शब्दों में उत्तर दीजिए) 2x5= 10

(i) मानव नेत्र का एक नामांकित रेखा चित्र बनाइए।

(ii) मान लीजिए आप अपने घर से बाहर हैं तथा भूकम्प के झटके लगते हैं। आप अपने बचाव के लिए क्या सावधानियाँ बरतेंगे?

5. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (लगभग 100 शब्दों में उत्तर दीजिए) 1x10= 10

अलैंगिक जनन की परिभाषा लिखिए। जंतुओं में अलैंगिक जनन की दो विधियों का वर्णन कीजिए।

अथवा

प्रकाश के परावर्तन के नियम बताइए एवं इसे एक नामांकित रेखाचित्र से प्रदर्शित करें।